प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आज दूसरे दिन ऊना जिले के पेखूबेला में प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा रिकार्ड समय में स्थापित किए गए सोलर पावर प्लांट की स्थापना में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष आमने–सामने आ गया। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पेखूबेला सोलर पावर प्लांट देश के अन्य हिस्सों में स्थापित प्लांट की तुलना में काफी सस्ता है। उन्होंने कहा कि यह प्लांट राजस्थान और गुजरात में स्थापित इसी तरह के प्लांट की तुलना में 25 फीसदी कम लागत पर स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस सोलर प्लांट पर सफाई के दौरान यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने जंगली मुर्गा विवाद में किसी पर एफआईआर दर्ज नहीं करवाई है। पेखूबेला सोलर प्लांट मामले पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार को इस बात का फक्र है कि उसने ऊना जिला को बिजली उत्पादन वाला जिला बनाया है। अग्निहोत्री ने कहा कि अभी तक केवल हाईडल प्रोजेक्ट की बात होती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाकर एक नई शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि सरकार काम कर रही है और वह काम करते हुए आलोचनाओं से नहीं घबराती।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पेखूबेला पावर प्लांट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा दी गई सफाई पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार पर विपक्ष का भरोसा टूट गया है और भाजपा मुख्यमंत्री द्वारा रखे गए तथ्यों की जांच करने के बाद ही इस मुद्दे पर अपनी टिप्पणी देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो साल से कांग्रेस की सरकार है और यदि उसे पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के किसी भी काम पर संदेह है तो वह आरोप लगाने के बजाय जांच करवाए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक ऐसी आउटसोर्स एजेंसी पंजीकृत हुई है जो आउटसोर्स पर नौकरी देने से पहले ही युवाओं से पैसे ले रही है।

चर्चा

इससे पहले आज विधानसभा में विपक्षी दल भाजपा द्वारा लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ने हिस्सा लेते हुए ऊना जिले के पेखुबेला में 32 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इतनी ही क्षमता का सोलर पावर प्लांट गुजरात में महज एक सौ 44 करोड़ रुपए में स्थापित किया गया, जबकि पेखुबेला में सरकार ने 2 सौ 20 करोड़ रुपए खर्च कर डाले। बिक्रम ठाकुर ने इस सोलर पावर प्लांट के निर्माण में लगे ठेकेदार को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने का आरोप भी लगाया। चर्चा में हिस्सा लेते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विनिवेश को बढ़ावा देने का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार में तो इस संबंध में बाकायदा एक मंत्रालय तक खोल दिया गया था। उन्होंने पूर्व सरकार के समय नौणी विश्वविद्यालय, एनआईटी हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में हुई भर्तियों और राज्यपाल को सौंपे गए कच्चे चिट्ठे में लगाए गए आरोपों की जांच की मांग भी की। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने समोसा प्रकरण जांच, मुर्गा विवाद और टॉयलेट टैक्स जैसे मुद्दों को उठाकर सरकार की घेराबंदी की।

विरोध प्रदर्शन

शिमला जिला के कुपवी के टिक्कर में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान जंगली मुर्गा परोसने के मामले में भाजपा विधायक और मीडिया कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने पर भाजपा विधायक दल ने आज धर्मशाला के तपोवन में विरोध प्रदर्शन किया। जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने जंगली मुर्गे के साथ प्रदर्शन किया और सरकार से पत्रकारों व भाजपा विधायक के खिलाफ मुकद्दमा वापिस लेने की मांग की।

सीपीएम

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य कमेटी ने सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में गेस्ट टीचर नियुक्त करने संबंधी सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा की है। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा है कि ये नीति न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करेगी बल्कि इससे शिक्षित युवाओं का शोषण भी होगा। उन्होंने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती व सेवा की शर्तें विधेयक 2024 की भी आलोचना की है। संजय चौहान ने इस विधेयक को तुरंत वापिस लेने की सरकार से मांग की है।